जिला अंबाला में सबसे ज्यादा बिकने वाले सिटी मीडिया के बिग बाजार में 7500 रुपए में मासिक विज्ञापन लगवाकर लाखों पाठकों तक अपना संदेश पहुंचाएं

Bhalla Dairy & Sweets
हमारे यहां पर दुध, दही, पनीर, मक्खन, क्रीम, शुद्ध देसी घी, स्पेशल खोया मिलता है
हमारे यहां पर शादी समारोह, पार्टी व अन्य कार्यक्रमों के लिए विशेष प्रबंध है
-- Manjeet Singh Bhalla --
नाहन हाउस, अंबाला शहर
98964-34646, 70822-72564

A-ONE CHICKEN CORNER
बकरे, मुर्गे व फिश का ताजा मीट मिलता है
Deals in : Mutton, Chicken & Fish
SpeciaZl Arrangements For Marriage & Party Functions
Nahan House, Triveni Road, Ambala City
Krishan Lamba : 98960-54721
5.5-4.6

GHOTRA FURNITURE

HEAVY DISCOUNT
के साथ होलसेल रेट में फर्नीचर खरीदें
FREE HOME DELIVERY
Ghotra Complex, Hissar Road A/City- 98962-94439
3/10-2/11

वी-इंडिया 25 वर्षों से आपकी सेवा में
वी-इंडिया - सुरक्षा का दूसरा नाम
शुद्ध तांबे से बनी सर्वोत्तम बिजली की तारें
Vindia Safe Electrical Solutions
Vindia Wires & Cables
EURO SERIES WIRES & CABLES
VOLT Series WIRES & CABLES
Mfg. & Mktd by : VINISH CABLES (INDIA)
www.vinishcables.com, E-mail_id : vinishcables@gmail.com
Contact : +91 88148-12121
2019-19/10

सिटी मीडिया के पेज नंबर 2 पर इसी साइज में बिग बाजार में 7500 रुपयें में मासिक विज्ञापन लगवाकर लाखों पाठको तक अपना संदेश पहुचांए। रेट कम करवाने वाले कृप्या क्षमा करें।
94165-33033

TEACHERS REQUIRED
▸ PRT- All Subjects
▸ TGT- All Subjects
▸ PGT- All Subjects
▸ Residential/DayBoarding
Salary: 15000 to 35000
RISHAAN DEFENCE CAREER ACADEMY, LALRU MANDI, MOHALI
Cont: 93160-61122
6/11-5/12

हरियाणा मानवाधिकार आयोग को मिलेगा नया अध्यक्ष-नायब सैनी

चंडीगढ़: (सिटी मीडिया) हरियाणा मानवाधिकार आयोग को जल्द नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में सीएम सैनी के साथ विधानसभा स्पीकर हरिवंद्र कल्याण और एक कांग्रेस विधायक के शामिल होने की उम्मीद है।

इस मीटिंग में आयोग आयोग में चेयरमैन और सदस्यों के पद करीब 14 माह से खाली हैं। मीटिंग में गृह सचिव अनुराग रस्तोगी के भी भाग लेने की संभावना है।

हरियाणा मानवाधिकार आयोग में हर महीनें सैकड़ों की संख्या में शिकायतें आती हैं। इन शिकायतों का समाधान आयोग द्वारा किया भी जाता रहा है, लेकिन जब से पद खाली हैं, तब से शिकायतों का हल रूक गया है।

इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आयोग में एक पद चेयरमैन का होता है, जबकि दो पद सदस्यों के होते हैं। सूत्रों का कहना है कि बड़ी संख्या में शिकायतें पेंडिंग पड़ी हैं। लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। हरियाणा में मानवाधिकार आयोग में चेयरमैन व सदस्य न होने के चलते कामकाज ठप पड़ने पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट सरकार को दिन पहले फटकार लगा चुका है। हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि यदि अगली सुनवाई तक पद नहीं भरे गए तो संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित होगा और याचिकाकर्ता को मुकदमे की लागत के रूप में 50,000 रुपए अपनी जेब से देने होंगे। कैथल निवासी शिवचरण ने याचिका दाखिल करते हुए मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन व सदस्यों के पद भरने की मांग की थी। याचिका पर सरकार ने पहले 30 मार्च तक और बाद में लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद चेयरमैन व सदस्य के पद भरने का कोर्ट को विश्वास दिलाया था।

आप भी अपने जन्मदिन व सालगिरह की फोटो सिटी मीडिया में निशुल्क प्रकाशित करवाएं-
सिटी मीडिया कार्यालय
मानव चौंक, अंबाला शहर
94165-33033

मैडिकल कॉलेज मुलाना पहुंचने पर राज्यपाल का तरसेम गर्ग ने किया स्वागत

मुलाना (सिटी मीडिया) - हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल मैडिकल कालेज मुलाना का अवलोकन किया और यहां पर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-सथ अन्य क्षेत्र में आगे बढने केलिए जो गतिविधियां की जा रही है उसकी जानकारी हासिल की।

इस मौके पर एनसीसी के कैंडिडेट्स की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम के दौरान मैडिलक कालेज के पदाधिकारी डा. विशाल गर्ग व अन्य मैनेजमैंट द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर उनका यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया गया।

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल ने मैडिकल कालेज मुलाना का अवलोकन करते हुए यहां पर स्थापित लैब, लाइब्रेरी, रिसर्च सेंटर व हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और यहां दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के बारे जानकारी हासिल की। उन्होने लाइब्रेरी में उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की।

वाईस चासंलर द्वारा राज्यपाल के समक्ष महर्षि मारकण्डेश्वर विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वर्ष 1995 में इंजिनियरिंग कालेज से शुरू होकर महर्षि माकण्डेश्वर ट्रस्ट को विशाल संस्थान का रूप दिया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी की मैनजमेंट द्वारा ट्रस्ट, हॉस्पिटल व कॉलेज की स्थापना व कार्यप्रणाली के बारे में राज्यपाल को अवगत करवाया गया। महामहिम राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि आज का युवा कल का कर्णधार है।

एक्टिवा चोरी के आरोपी पटियाला के काकू को जेल भेजा

अंबाला (सिटी मीडिया) पुलिस ने चोरी के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी राम जट्टा उर्फ काकू निवासी अजैब कालोनी नजदीक रेलवे स्टेशन नाभा जिला पटियाला को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता बग्गा सिहँ निवासी नदी मौहल्ला अम्बाला शहर ने 20 नवम्बर को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 नवम्बर को नदी मौहल्ला में स्थित उसके घर के बाहर से किसी अज्ञात ने उसकी एक्टिवा चोरी कर ली है।

आईटीआई में 2 दिवसीय युवा महोत्सव का हुआ समापन

युवा महोत्सव का मंच युवाओं को दे रहा एक नई उड़ान- नगराधीश पूजा

अम्बाला (सिटी मीडिया) नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव का मंच युवाओं को अपनी प्रतिभाओं के दम पर एक नई उडान भरने का अवसर देने के साथ उन्हें जीवन मे मजबूती से आगे बढने की प्रेरणा प्रदान करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कला एवं गतिविधियों और खेल-कूद जैसी प्रतियोगिताओं मे बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव सांझा कर बच्चों को जीवन में मेहनत और लग्न के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक व अभिभावक बच्चों मे छीपी प्रतिभाओं को तराशने का कार्य कर अहम भूमिका अदा करें। नगराधीश पूजा कुमारी शुक्रवार को पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार मे आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024 के कार्यक्रम मे युवाओं को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले उनका यहा पंहुचने पर राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया गया।

इस दौरान नगराधीश ने प्रतिभागियों द्वारा दी गई प्रस्तुतिओं की झलक की खूब सराहना की। इसके उपरांत उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए और उन्हें जीवन मे आगे बढने की प्रेरणा दी।

उन्होंने बताया कि युवा मामले, कौशल विभाग हरियाणा व नेहरू युवा केन्द्र के सौजन्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2024 का विधिवत समापन्न किया गया जिसमें जिला के युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभाओं के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चुने गए है।

उन्होंने कहा कि बच्चो को शिक्षा के साथ विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों मे भाग लेना चाहिए और इसमें शिक्षकों व अभिभावकों को बच्चों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए और खेल-कूद में भी बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसको पाने के लिए कडे प्रयास करने चाहिए और तब तक प्रयास करते रहना चाहिए जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। इस मौके पर बाजवा स्टेट निदेशक नेहरू युवा केन्द्र संगठन हरियाणा गुरमेल सिंह, तेजिन्द्र वालिया, आशीमा के प्रैजिडैंट विक्रम चौधरी, जनरल सैकेटरी गौरव सोनी व सोहन लाल, विजयपाल के साथ अन्य वशिष्ठ अतिथिगण व निर्णायक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

जिला अम्बाला में सबसे ज्यादा बिकने वाले सिटी मीडिया में
बेदखली, नाम परिवर्तन सार्वजनिक सूचना
इसी साइज में
1260 रु में 1 दिन
लगवाकर लाखों पाठकों तक अपना संदेश पहुंचाएं।
रेट कम करवाने वाले कृप्या क्षमा करें।
सम्पर्क करें- 0171-2533033, 94165-33033,

Bharat Petroleum
पेट्रोल पंप पर काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है
आई.एस. मनमोहन सिंह एंड कं.
नजदीक जंडली पुल, जीटी रोड, अम्बाला शहर
92554-00000, 98962-57685
29/10-28/11

नौकर चाहिए या नौकरी
पढ़े लिखे, अनपढ़, बेरोजगार यवुक, युवतियां शीघ्र मिले। फार्म भरें नौकरी पायें।
CONT.-99969-09361
19/11-18/12

पंजाब के सुल्तानपुर लोधी में भाजपा युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष की हत्या, 2 घायल

चंडीगढ़: (सिटी मीडिया) पंजाब के सुल्तानपुर लोधी में अज्ञात लोगों ने भाजपा युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष हनी कुमार हत्या कर दी. इस संबंध में पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अज्ञात लोगों ने भाजपा युवा मोर्चा के सुल्तानपुर लोधी ब्लॉक अध्यक्ष हनी कुमार पर धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या कर दी.

पुलिस ने बताया कि हमले में हनी के दो दोस्त भी घायल हुए हैं. घटना को लेकर सुल्तानपुर लोधी के पुलिस उपाधीक्षक सुखपाल सिंह ने कहा कि घटना उस समय हुई, जब हनी और उसके दो दोस्त मोटरसाइकिल पर खाना खाने के बाद अनाज मंडी गए, जहां बदमाशों ने धारदार हथियारों से उन पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया. सभी घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हनी कुमार को मृत घोषित कर दिया. वहीं, गंभीर रूप से घायल अजय कुमार और अमन कुमार को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना के बाद सिविल अस्पताल में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं.

पुलिस के मुताबिक हमले के पीछे की वजह निजी दुश्मनी हो सकती है. फिलहाल पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया और आगे की जांच कर रही है. पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है.

5 लाख से ज्यादा बकाया संपत्तिकर वालों को दिए नोटिस

अंबाला (सिटी मीडिया) नगर निगम ने 5 लाख से ऊपर संपत्ति कर बकाया वाले लोगों को नोटिस देने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार दूसरे दिन भी फील्ड में कर्मचारियों ने लोगों को नोटिस दिए। वहीं, 5 लाख से कम बकाया वाले भी कई लोग निगम की सूची में शामिल हैं। ऐसे लोगों पर भी निगम कार्यवाही कर सकता है। निगम ने ऐसी लोगों की सूची भी तैयार कर ली है। जिनका 5 लाख से कम संपत्ति कर बकाया है और काफी समय से ऐसे लोगों ने निगम को पैसा जमा नहीं करवाया। ऐसे करीब 900 लोग निगम की सूची में शामिल हैं। वहीं, बीते गुरुवार को निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने संपत्ति कर शाख अधिकारियों की बैठक भी ली थी। उन्होंने निर्देश दिए थे कि 5 लाख से ऊपर संपत्ति कर जिन भी बकायादारों ने जमा नहीं करवाया है, उनको नोटिस भिजवाए जाएं। कार्यालय में इस नोटिस बारे संपत्ति कर मालिक को सुनवाई के लिए बुलाया जाए। मालिक को संपत्ति कर से संबंधित अगर कोई समस्या है तो वह समस्या का समाधान नगर निगम कार्यालय में आकर संपत्ति कर शाखा में संपर्क कर सकता है। निगम का करीब 49 करोड़ बकाया संपत्ति कर पड़ा है।

इंदौर एक्सप्रेस में डिफेंस कॉलोनी के गुरनाम सिंह से अटैची चोरी

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) ऊना से इंदौर जा रही इंदौर एक्सप्रेस से चोरों ने गुरनाम सिंह निवासी डिफेंस एनक्लेव बोह अंबाला छावनी की अटैची चुरा ली। अटैची में सोने के जेवरात, बारह हजार रुपये कैश, क्रेडिट कार्ड सहित अन्य कागजात थे। शिकायत में गुरनाम सिंह ने बताया कि वह ग्राड़ी संख्या 19307 मे ऊना-इंदौर एक्सप्रेस में पत्नी के साथ सफर कर रहे थे। उस समय उसकी अटैची चोरी हो गई।

चलती ट्रेन में बलटाना के चंद्र सिंह का पर्स चोरी

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) चलती ट्रेन में चंद्र सिंह निवासी बलटाना जीरकपुर का चोरों ने पर्स चुरा लिया। रेलवे पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी नंबर 14673 में सफर कर रहा था। शाहजहांपुर के नजदीक किसी ने उसका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में दस हजार रुपये कैश, मोबाइल फोन, चार्जर सहित अन्य सामान था। जीआरपी ने मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ जांच आरंभ कर दी है।

आग सेंकने के दौरान एक ही परिवार के 3 लोग बुरी तरह झुलसे

अंबाला (सिटी मीडिया) ठंड से बचने के लिए जलाई आग में हाथ सेकते एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उपचार के लिए तीनों को सिटी के नागरिक अस्पताल में लाया गया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को चंडीगढ़ 32 में रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान बिहार निवासी 42 वर्षीय गुलशन कुमार और उसके पुत्र साढ़े तीन वर्षीय आनंद और पांच वर्षीय महेश की रूप में हुई है। घायल ने बताया कि जब आग बुझ गई तो एक श्रमिक ने आकर आग बढ़ाने के लिए सुलगते हुई आग में तेल डाल दिया।

गुरुद्वारा हुकुमसर साहिब में गुरमत समागम 24 नवंबर से

अंबाला (सिटी मीडिया) रवालों गांव स्थित गुरुद्वारा श्री हुकुमसर साहिब में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित महान धार्मिक गुरमति समागम कराया जाएगा। इस मौके पर दल बाबा विधिचंद भी हाथी और घोड़ों के साथ पहुंचेगा। गुरुद्वारा श्री हुकुमसर साहिब के मुख्य सेवादार बाबा हरबंस सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में 24 नवंबर रविवार को श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किए जाएंगे। 26 नवंबर मंगलवार को श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा।

बाइक चोरी का आरोपी बोह का पंकज जेल भेजा

अंबाला (सिटी मीडिया) पुलिस ने चोरी के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी पंकज उर्फ शम्मी निवासी आनन्द नगर, बोह थाना महेशनगर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया। मनवीर सिंह ने 15 अगस्त को शिकायत दर्ज करवाई थी किअमन नगर अम्बाला छावनी के पास से किसी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है।

कपड़ा मार्केट में हंडेसरा की रीना के पर्स से सामना चुराया

अंबाला (सिटी मीडिया) गांव हंडेसरा निवासी रीना ने बताया कि वह गतदिवस शहर की कपड़ा मार्केट में बेटी को ब्लेजर दिलवाने आई थी। खरीदारी करने के बाद जब वह 4 बजे रायपुररानी वाली प्राइवेट बस में बैठी तो उसने देखा कि पर्स की चेन खुली है और पर्स को चेक किया तो उसमें मंगलसूत्र, सोने व चांदी की अंगूठी गायब मिली।

परशुराम कॉलोनी की विवाहिता से मारपीट करने पर सास व अन्य पर केस दर्ज

अंबाला (सिटी मीडिया) पुलिस को दी शिकायत में परशुराम कालोनी निवासी निशा रानी ने बताया कि उसकी शादी गांव बडौली निवासी मनजीत के साथ हुई थी। शादी के बाद उसकी सास ने कलेश करना शुरू कर दिया।

शादी का सारा सामान एक तरफ रखवा दिया व उसे उसके पति तक से मिलने देना बंद कर दिया। सास ने एक दिन ननद मंजू, अनामिका दीक्षित को उसने बुलाया और उसके साथ मारपीट की। मारपीट करने बाद सास ने रिश्तेदारों को इकट्ठा करके उससे जबरदस्ती माफीनामा लिखवाया गया। इसके बाद 12 जून को सास ने उसके माता-पिता को फोन करके कहा कि इसको यहां से ले जाओ। इसके बाद मायके वालों ने विवाहिता पर कई तरह के आरोपी भी लगाए और कहा कि आपकी बेटी किसी तांत्रिक से मिलकर आई है व ससुराल पक्ष पर कपड़े फाड़ कर केस बनवाने की धमकी भी दी।

संस्थाओं को नए एक्ट में री-रजिस्ट्रेशन का मौका

अंबाला (सिटी मीडिया) सोसायटी एंड रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत पंजीकृत सामाजिक, शैक्षणिक और अन्य प्रकार की संस्थाओं को एक बार फिर से सरकार ने दोबारा से नए एक्ट में पंजीकरण का मौका दिया है। अब जो संस्थाएं पुराने एक्ट में पंजीकृत हैं उन्हें हरियाणा पंजीकरण और सोसायटी विनियमन अधिनियम, 2012 (एचआरआरएस एक्ट) के सेक्शन 9 की उप धारा चार के तहत पंजीकरण करना होगा। पहले वर्ष 2012 से लेकर 2018 तक इस एक्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल को खोला था। मगर कई संस्थाओं ने नए एक्ट में दोबारा से पंजीकरण ही नहीं कराया। इसके बाद पोर्ट को बंद कर दिया गया। ऐसे में अब दोबारा से संस्थाओं को दोबारा पंजीकरण कराने का मौका दिया गया है। गौरतलब है कि अंबाला में करीब 3900 संस्थाएं सोसाइटी एवं रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत हैं। इसमें से करीब 2800 संस्थाओं ने अभी तक नए एक्ट में दोबारा पंजीकरण नहीं कराया है। संस्थाओं के पदाधिकारियों को विभाग की बेवसाइट पर जाकर दोबारा से पंजीकरण के लिए विकल्पों का चयन करना होगा।

शव बरामद लगभग 55 वर्षीय

नाम-पता ना मालूम व्यक्ति का शव शहर सिविल अस्पताल मोर्चरी में रखा है शिनाख्त के लिए संपर्क करे
97299-90134

कार्ड व पंफलेट छपवाकर बांटने के झंझट से छुटकारा पाएं
जिला अम्बाला में सबसे ज्यादा बिकने वाले सिटी मीडिया में रस्म क्रिया व अंतिम अरदास के विज्ञापन छपवाकर जिला अंबाला के लाखों पाठकों तक अपना संदेश पहुंचाएं।
पेज 1 पर 5000/-
पेज 4 पर 4000/-
पेज 2-3 पर 3000/-
75 सीसी
रेट कम करवाने वाले कृप्या क्षमा करें।
सिटी मीडिया कार्यालय मानव चौंक, अम्बाला शहर-
01712533033, 94165-33033
रेट कम करवाने वालों के विज्ञापन प्रकाशित नहीं होंगे

साप्ताहिक भाविष्यफल

पं0 सहदेव व्यास 'कन्हैया'

मेष : सप्ताह के आरंभ में आपको अपना स्वास्थ्य और प्रसन्नता बनाए रखने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने पर भी सफलता औसत स्तर की ही प्राप्त होगी। सप्ताह के मध्य में आपको अचानक वित्तीय लाभ, परिवार सदभाव, लाभ कार्य क्षेत्र में प्रगति के साथ-साथ खुशी आत्मविश्वास और भाग्य का सहयोग प्राप्त होगा। लोग आपकी मिलनसारिता शिष्टाचार की सराहना करेंगे।
शुभ अंक-1, शुभ रंग- महरून

वृषभः इस सप्ताह की शुरूआत का समय लाभकारी यात्रा पर जाने के लिए शुभ है। इसके अलावा व्यवसाय से जुड़ी यात्राएं या किसी सामाजिक सभा को संबोधित करने के अवसर बन सकते हैं। भाईयों का सहयोग आपके साथ भाग्य को जागृत करेंगे। इस सप्ताह में भाई बहन से लाभ और भाई बहन को लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं। निश्चित रूप से आपकी आय में वृद्धि होगी। आपके लिए आय का एक नया स्त्रोत उत्पन्न होगा।
शुभ अंक-2, शुभ रंग-सफेद

मिथुनः इस सप्ताह के शुरूआत का समय आपके व्यापार आय में वृद्धि, इच्छाओं की पूर्ति प्रसन्नता, बच्चों और बड़े भाई के साथ संबंधों के मामले में फायदेमंद रहेगा। आपका स्वास्थ्य इस अवधि के दौरान खत्म रहेगा। आपका उत्साह और कार्यकुशलता उच्च स्तर पर रहेगी। सप्ताहके मध्य के समय में आपके कार्यों में अवांछित अवरोध आ सकते हैं। इससे आपको निराशा का अनुभव होगा।
शुभ अंक-4, शुभ रंग-क्रीम

कर्कः इस सप्ताह आपको मान सम्मान प्राप्ति के पक्ष से सप्ताह के गुरू की अवधि बहुत शुभ रहेगी। इस समय प्रबल संभावनाएं बन रही है कि आपकी प्रतिष्ठा और सामाजिक स्थिति बेहतर होगी।आजीविका क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए योजना बनाने के लिए ह सही समय है। सप्ताह के अंतिम भाग में आप पर अधिक मानसिक तनाव, अनावश्यक व्यय, निराशा की स्थिति रहने से महत्वपूर्ण कार्यों में बधाओ का सामना करना पड़ सकता है।
शुभ अंक-5, शुभ रंग-लाल

सिंहः इस सप्ताह शुरूआत में आपको अपने लंबित कार्यों को पूरा करने में भाग्य का सहयोग प्राप्त हो रहा है। तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए यह एक अच्छा समय है। सप्ताह के मध्य में आपके कार्यों में प्रगति का संकेत मिल रहा है। यह समय इच्छापूर्ति भाई बहन का सहयोग संतान सुख प्राप्ति के प्रबल संकेत की संभावनाएं बन रही है।
शुभ अंक-3, शुभ रंग-हरा

कन्याः सप्ताह आरंभ में कार्यों के कारण व्यस्त रहने के संकेत मिल रहे हैं। आपको अपने स्वास्थ्य और प्रसन्नता का ख्याल रखना होगा। सही समय पर सही व्यक्ति को सही सलाह देने के लिए आपकी सराहना होगी। मनोरंजन व्यवसाय भी आपको आकर्षित करेगा। आपके भावनात्मक संबंधों में सुधार की संभावना है। अतः शीघ्र ही शादी करने वाले व्यक्तियों के जीवन में प्यार और प्रसन्नता
शुभ अंक-6, शुभ रंग- मंजटा

तुला-सप्ताह की शुरूआत आपके वैवाहिक जीवन में आनंद और जीवनसाथी के साथ माधुर्य के लिए अनुकूल है। आप अपने मित्र या व्यापारिक साझेदार के साथ लंबी चल रही योजना में शामिल होंगे। सप्ताह के मध्य में आपके माता पिता को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अतः इस अवधि में आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी पर्यटन स्थल की यात्रा पर जाने की योजना बना सकते है जिस कारण आपका मन प्रसन्नत रहेगा।
शुभ अंक-8, शुभ रंग-पिंक

वृश्चिकः सप्ताह के शुरूआत में आपकी व्यस्तता रहेगी। फिर भी आपको कठिनाईयों को संभालने और प्रसन्नता के साथ सभी लंबित कार्यों के निपटाने में सफलता मिलेगी। आपके उत्साह और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। इसके कारण आपके घर का वातावरण स्नहे, प्रसन्नता और मधुर रहेगा। इससे आपको मानसिक शांति की प्राप्ति होगी तथा यह समय सेहत के लिए फायदेमंद रहेगा।
शुभ अंक-9, शुभ रंग-पीला

धनुः इस सप्ताह के आरंभा में आपको संतान से जुड़े तनाव से राहत मिलेगी। आपके लिए बेहतर होगा कि आप बड़ी योजनाओं पर कार्य आरंभ करने और निवेश कार्यों पर रोक लगाए बढ़े हुए खर्चे आपकी चिंता में वृद्धि करेंगे। आपको अपने जीवन साथी की सेहत पर कुछ धन खर्च करना पड़ सकता है तथा किसी मनपंसद यात्रा पर जाने से आपका मन खुश रहेगा।
शुभ अंक-7, शुभ रंग-फिरोजी

मकरः इस सप्ताह आपको आय में लगातार वृद्धि होगी और आप पैतृक स्थान घर और वाहन आदि पर धन खर्च करेंगे। कुछ मानसिक तनाव होने के भी संकेत मिल रहे हैं। सप्ताह के मध्य भाग में आप एक बहुत अच्छे सलाहकार के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करेंगे और आपके बच्चे आपके लिए कोई अच्छी खबर ला सकते हैं। भावनात्मक संबंधों के लिए यह समय अच्छा रहेगा।
शुभ अंक-3, शुभ रंग-नीला

कुम्भः इस सप्ताह के आरंभ आपके वैवाहिक जीवन का आनंद उत्कृष्ट बना हुआ है। जीवनसाथी की दोस्ताना सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी ओर आप अपने अनियंत्रित खर्चों को नियंत्रित करने में सफल रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में बाधाएं आने से आप स्वयं को चिड़चिड़ा महसूस करेंगे। मुश्किल समय से आपको धैर्य और विश्वास न खोने की सलाह दी जाती है।
शुभ अंक-2, शुभ रंग- गोल्डन

मीनः इस सप्ताह जीवनसाथी के साथ आपकी बहुत अधिक अनुकूलता रहेगी और बच्चो की देखभल से आप बहुत प्रसन्न रहेंगे। आपका जीवनसाथी आपको सबसे अच्छा दोस्त मार्गदर्शक और सलाहकार होगा। आपके सांझेदार आपके लिए सक्षम साबित होंगे यह समय सही गतिविधियों से लाभ कमाने के लिए विशेष रूप से अनुकूल साबित होगा।
शुभ अंक-9, शुभ रंग-केसरिया